# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 16.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

### अटल श्रद्धांजलि

आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि है। देश व प्रदेश में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के विकास में अटल जी के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और उन्होंने सारी उम्र गरीबों के कल्याण के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के चौतरफा विकास के लिए वाजपेयी का समर्पण और सेवाभाव सभी को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करता है।

### वाजपेयी पुण्य तिथि

इधर प्रदेश में भी अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने मूल्यों पर आधारित राजनीति की और अपने पूरे कार्यकाल में सर्वोच्च नैतिक मूल्यों को बनाए रखा। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सभी के लिए प्रेरणस्रोत है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी आदर्शवादी नेता रहे है और सभी कांग्रेस व भाजपा सहित सभी राजनीतिक दल उनका सम्मान करते थे।

इस बीच उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी अटल जी को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का हिमाचल के साथ गहरा नाता रहा और प्रधानमंत्री उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा।

## जन्माष्टमी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ये त्योहार भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार जन्माष्टमी का त्योहार भाद्रपद महीने की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने देशवासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी है। नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की कि जन्माष्टमी का पर्व लोगों के जीवन में नया उत्सांह और नई ऊर्जा लाएगा।

राजधानी शिमला सहित प्रदेशभर में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों में विशेष भजन–कीर्तन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

## लोक निर्माण मंत्री

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र में 10 सड़कों के निर्माण पर 81 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने आज बेचड़ का बाग में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले के समापन अवसर पर शिरकत की और सड़कों के निर्माण के लिए लोगों से ज़मीन दान देने का आह्वान किया।

**नमस्कार।**